*SANDESH*
HPPCL E-Newsletter
October-December, 2021
Vol. II/2021 |Issue XXVII

## प्रधानमंत्री द्वारा 11,581 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं राज्य को समर्पित

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्तमान राज्य सरकार के चार साल के कार्यकाल के पूरा होने के अवसर पर 27 दिसम्बर, 2021 को मण्डी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान से राज्य के लिए लगभग 11,581 करोड़ रुपये लागत की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए।

प्रधानमंत्री ने मण्डी से वर्चुअल माध्यम से हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) द्वारा 2082 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 111 मेगावाट क्षमता की सावड़ा कुड्डू जल विद्युत परियोजना का लोकार्पण किया। शिमला जिले में पब्बर नदी पर प्रसिद्ध हाटकोटी मंदिर के समीप निर्मित इस परियोजना से प्रतिवर्ष 386 करोड़ यूनिट विद्युत उत्पादन होगा और एचपीपीसीएल के माध्यम से राज्य को लगभग 120 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व प्राप्त होगा। उन्होंने सिरमौर जिले में गिरी नदी पर 7000 करोड़ रुपये के रेणुका जी बांध और हमीरपुर व कांगड़ा जिले में ब्यास नदी पर बनने वाले भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम की 66 मेगावाट क्षमता की धौलासिद्ध जल विद्युत परियोजना की आधारशिला भी रखी। सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड द्वारा क्रियान्वित की जा रही इस परियोजना को 688 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने शिमला और कुल्लू जिलों में सतलुज नदी पर 1811 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली 210 मेगावाट क्षमता की लुहरी स्टेज-1 जल विद्युत परियोजना का शिलान्यास भी किया।







प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लोगों के लिए जीवन की सुगमता सबसे प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है और इसमें बिजली बहुत बड़ी भूमिका निभाती है। आज शुरू की गई जल-विद्युत परियोजनाएं पर्यावरण के अनुकूल विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गिरी नदी पर बन रही श्री रेणुकाजी बांध परियोजना जब पूरी हो जाएगी तो एक बड़े क्षेत्र को इससे सीधा लाभ होगा। इस प्रोजेक्ट से जो भी आय होगी उसका भी एक बड़ा हिस्सा यहीं के विकास पर खर्च होगा।

प्रधानमंत्री ने नए भारत की बदली हुई कार्यशैली को दोहराया। पर्यावरण लक्ष्यों से जुड़े कार्यों की रफ्तार पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने 2016 में ये लक्ष्य रखा था कि वो साल 2030 तक, अपनी कुल स्थापित बिजली क्षमता का 40 प्रतिशत, गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों से पूरा करेगा। आज हर भारतीय को इसका गर्व होगा कि भारत ने अपना ये लक्ष्य, इस साल नवंबर में ही प्राप्त कर लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा देश जिस प्रकार से पर्यावरण को बचाते हुए विकास को गति दे रहा है, उसकी विश्वभर में प्रशंसा हो रही है। सोलर पॉवर से लेकर हाइड्रो पॉवर तक, पवन ऊर्जा से लेकर ग्रीन हाइड्रोजन तक, देश रिन्यूएबल एनर्जी के हर संसाधन को पूरी तरह इस्तेमाल करने के लिए निरंतर काम कर रहा है।

## मुख्यमंत्री ने पीएमकेएसवाई के तहत रेणुका जी परियोजना को अनुमोदन प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया

मुख्यमंत्री श्री जय राम ठाकुर ने रेणुका जी बांध परियोजना को पीएमकेएसवाई प्रस्ताव के एक हिस्से के रूप में अनुमोदन प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिला में यमुना नदी की सहायक नदी गिरि पर इस भंडारण परियोजना की एक राष्ट्रीय परियोजना के रूप में परिकल्पना की गई है। नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 27 दिसम्बर, 2021 को रेणुका जी परियोजना को पीएमकेएसवाई के हिस्से के रूप में अनुमोदन प्रदान किया गया।




मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2015 में टीएसी ने इस परियोजना की विस्तृत योजना रिपोर्ट को 4596.76 करोड़ रुपये के कुल मूल्य पर स्वीकार किया, हालांकि लाभार्थी राज्यों के बीच अन्तर्राज्यीय समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होने के

कारण परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

श्री जय राम ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार के दृढ़ प्रयासों के कारण 9 जनवरी, 2019 को लाभार्थी राज्यों दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश ने अन्तरराज्यीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि इस तरह समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद 9 दिसम्बर, 2019 को जल शक्ति मंत्रालय द्वारा 6946.99 करोड़ रुपये मूल्य की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को पुनः स्वीकार किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में 148 मीटर ऊंचे रॉक फिल डैम की परिकल्पना की गई है जो कि मानसून जल का संग्रहण करेगा और इससे 24 किलोमीटर लम्बे जलाशय का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि बांध का लाइव स्टोरेज 498 मिलियन क्यूबिक मीटर होगा, जिसका उपयोग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को 23 क्यूबिक मीटर प्रति सेकेंड की दर से पेयजल आपूर्ति के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना 40 मेगावाट क्षमता के सतही ऊर्जा घर में 200 मिलियन यूनिट ऊर्जा उत्पादन भी करेगी, जिसका उपयोग राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

श्री जय राम ठाकुर ने कहा कि परियोजना का निर्माण दिसम्बर, 2022 तक आरम्भ होने की उम्मीद है और यह छह साल में पूर्ण हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि कैट जलग्रहण क्षेत्र में विभिन्न सुधार कार्यों पर 160.34 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि परियोजना के कार्यशील होने के बाद प्रभावित क्षेत्र में हर वर्ष वार्षिक राजस्व का एक प्रतिशत वितरित किया जाएगा।

**कॉर्पोरेट कार्यालय ने आयोजित की खेल-कूद प्रतियोगिता**

हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पन्द्रवें स्थापना दिवस के अवसर पर खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ श्री देवेश कुमार, प्रबन्ध निदेशक ने कॉर्पोरेट कार्यालय में 9 दिसम्बर, 2019 को किया ।



इस वर्ष कोविड-19 की महामारी के कारण कर्मचारियों के लिए सिर्फ चैस, कैरम-बोर्ड और टेबल-टेनिस की प्रतियोगिताएं करवाई गई।

इस अवसर पर श्रीमती प्रियंका वर्मा निदेशक कार्मिक एवं वित्त, श्री शशिकांत जोशी निदेशक इलेक्ट्रिकल और श्री सुरेंदर कुमार निदेशक सिविल उपस्थित थे।

## हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन ने मनाया 15वां स्थापना दिवस

हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा 15वां स्थापना दिवस बड़े उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। निगम के कार्पोरेट कार्यालय में श्री मनमोहन शर्मा, प्रबन्ध निदेशक ने ध्वजारोहाण किया । स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर केंद्रीय आलू संस्थान के सभागार में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर श्री मनमोहन शर्मा ने कहा कि इस वर्ष हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन ने एक ओर जलविद्युत परियोजना को कमीशन कर एक ओर उपलब्धि हासिल की है । पॉवर कार्पोरेशन ने 111 मेगावॉट की सावडा-कुड्डू जल-विद्युत परियोजना को पूर्ण कर अपनी उत्पादन क्षमता को बढाकर 281 मेगावाट कर दिया है ।

उन्होंने कहा कि फ्रेंच डवलेपमैन्ट एजेन्सी ए0एफ0डी0 से वित्त पोषित होने वाली 48 मेगावाट की चांजू-3 जलविद्युत परियोजना और 30 मेगावॉट की देवथल चांजू जलविद्युत परियोजना के कार्य अगले वित्त वर्ष में आरम्भ हो जाएंगे । 48 मेगावाट की चांजू-3 जलविद्युत परियोजना के सिविल और एलेक्ट्रोमैकेनिकल के कार्य के लिए निविदाएं आमन्त्रित की जा चुकी हैं ।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार की केबिनेट कमेटी ऑफ इक्नोमिक अफेयर द्वारा रेणुकाजी डैम परियोजना हेतू 15 दिसम्बर 2021 को 6947 करोड़








स्थापना दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम








**स्थापना दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण समारोह**

रूपये की राशि अनुमोदित कर दी गई है जिससे परियोजना को आरम्भ करने को मार्ग प्रशस्त हुआ है । इस परियोजना को भारत सरकार की तकनीकी सलाहकार समिति द्वारा पहले ही अनुमोदित किया जा चुका है । हिमाचल प्रदेष पॉवर कार्पोरेशन द्वारा स्थापित समस्त परियोजनाएं सुचारू रूप से कार्य कर रही है तथा राज्य के लिए अच्छा राजस्व प्राप्त हो रहा है । उन्होने बताया कि 580 मेगावाट की दो जलविद्युत परियोजनाएं क्रमश: 450 मेगावाट की शोंगटोंग कड़छम जलविद्युत परियोजना और 130 मेगावाट की कांशग स्टेज 2 व 3 परियोजनाएं निर्माणाधीन है ।

उन्होंने निगम के कर्मचारियों से और अधिक मेहनत करने की अपील की, जिससे निगम को आबंटित परियोजनाएं समयबद्व पूर्ण की जा सके। श्री मनमोहन शर्मा ने निगम के स्थापना दिवस पर सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर निगम के कर्मचारियों एवं परिवारजनों के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें निगम के कर्मचारियों एवं उनके बच्चों द्वारा लोक एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियों द्वारा दर्शकों का मनोरजंन किया गया। इस अवसर पर 15वें स्थापना दिवस पर आयोजित की गई खेल कूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

## ART WORKS BY CHILDREN OF HPPCL EMPLOYEES



Venu Gopal Sharma, S/O Sh.Ved Prakash Sharma, Corporate Office



Yatharth Bhardwaj, S/o Sh. Hemant Bhardwaj, DM (IT), Corporate Office




Anirudh Sharma, S/o Sh. Ved Prakash Sharma, Corporate Office



Dhruv Lotheta, S/o SH. Rahul Lotheta, Coporate Office

## RETIREMENT





Sh. Vinod Singha, Dy. Manager (P&A) retired from service on 31.12.2021 after serving for 33 years in Government service.




**FOR FEEDBACK WRITE TO US AT:**

Sh. Rahul Lotheta, Manager (PR),
Editor, e-Newsletter,
Himachal Pradesh Power Corporation Ltd., Corporate Office, Himfed Building, BCS, New Shimla, Shimla-171009 (H.P.).
Email: enewsletter@hppcl.in
prohppcl@gmail.com

**EDITORIAL BOARD**
Ms. Priyanka Verma, IAS
Patron
Sh. Ved Prakash Sharma, Advisor
Sh. Rahul Lotheta, Editor

**PUBLISHED BY:**
Himachal Pradesh Power Corporation Ltd., Corporate Office, Himfed Building, BCS, New Shimla, Shimla-171009 (H.P.).
Email: prohppcl@gmail.com